# राजस्थान विधान सभा

## (सोलहवीं विधान सभा)

## तृतीय सत्र

## तारांकित प्रश्नों की सूची

## बुधवार, दिनांक 19 मार्च, 2025

## कुल संख्या-25

| | |
|---|---|
| उप मुख्य मंत्री (उच्च शिक्षा) | 04 |
| उद्योग मंत्री | 03 |
| जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री | 03 |
| जल संसाधन मंत्री | 03 |
| जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री | 02 |
| राजस्व मंत्री | 03 |
| नगरीय विकास राज्य मंत्री | 04 |
| ऊर्जा राज्य मंत्री | 03 |

### पांचौडी व हरसोलाव में महाविद्यालय की स्थापना

420. (4092/उच्च शिक्षा) श्री रेवन्तराम डांगा (189) - क्या उच्च शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या प्रदेश में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार नये राजकीय महाविद्यालय खोलने का विचार रखती है? यदि हां, तो कितने व कब तक? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र खींवसर के पांचौड़ी व हरसोलाव में नवीन राजकीय महाविद्यालय खोलने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## वेयर हाऊस धर्मकांटा व कोरियर को उद्योग का दर्जा

421. (6318/उद्योग) श्री प्रताप पुरी (92) - क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) प्रदेश में कुल कितने औद्योगिक क्षेत्र हैं? संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह सही है कि उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए औद्योगिक क्षेत्र में वेयर हाऊस/गोदाम/लॉजिस्टिक/धर्मकांटा व कोरियर सेवाओं का होना भी आवश्यक है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सेवाओं को उद्योगों की श्रेणी में सम्मिलित करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## कपासन विधान सभा क्षेत्र में उच्च्य जलाशय का निर्माण

422. (2199/जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी) श्री अर्जुन लाल जीनगर (13) - क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या विधान सभा क्षेत्र कपासन के भादसौड़ा व आकोला में पानी की टंकियां क्षतिग्रस्त होने के कारण तोड़ दी गयी हैं? यदि हां, तो उक्त टंकियों को तोड़ने के बाद उनके स्थान पर दूसरी टंकियों का पुनर्निर्माण नहीं करने के क्या कारण हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) सरकार उक्त दोनों टंकियों का पुनर्निर्माण कब तक कराने का विचार रखती है? यदि नहीं, तो क्यों?

(3) क्या यह सही है कि ग्राम पहुँना में उच्च्य जलाशय (टंकी) क्षतिग्रस्त होने के कारण जन हानि होने की संभावना है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त टंकी को ध्वस्त कर नवीन टंकी का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

## गोगुन्दा विधान सभा क्षेत्र की देवास परियोजना

423. (5598/जल संसाधन) श्री प्रताप लाल भील (93) - क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि विधान सभा क्षेत्र गोगुन्दा में देवास परियोजना स्वीकृत है? यदि हां, तो उक्त योजना की वर्तमान में क्या स्थिति है?

(2) उक्त परियोजना के अब तक प्रारम्भ नहीं होने के क्या कारण हैं? उक्त परियोजना अब कब तक प्रारम्भ कर दी जाएगी? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## सहाड़ा विधान सभा क्षेत्र की जनजाति की बस्तियों हेतु बजट आवंटन

424. (5284/जनजाति क्षेत्रीय विकास) श्री लादु लाल पितलिया (144) - क्या जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र सहाड़ा में विगत पांच वर्षों में जनजाति बस्ती में मूलभूत सुविधाओं हेतु कितना बजट आवंटित किया गया? ग्राम पंचायतवार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह सही है कि विभाग के आदेश दिनांक 26.05.2023 के द्वारा ग्राम पंचायत नान्दषा (जागीर), खाखरमाला, नाथडियावास, पालरा, पीथाखेडा, नाहरी, चावण्डिया, अडसीपुरा, भूणास, खाखला, भीटा, बागड, बारियापुरा एवं थला में विभिन्न विकास कार्यों हेतु जनजाति भागीदारी योजना अन्तर्गत प्रशासनिक एवं तकनीकी स्वीकृति जारी की गई थी किन्तु वित्तीय स्वीकृति जारी नहीं की गई है? यदि हां, तो कारण सहित विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या उक्त विधान सभा क्षेत्र में कई ग्राम पंचायत अनुसूचित जनजाति बाहुल्य है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त ग्राम पंचायतों में अतिरिक्त बजट आवंटन करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## घोड़ो का खेड़ा (माण्डल) में चारागाह भूमि पर अतिक्रमण

425. (6043/राजस्व) श्री उदयलाल भडाणा (22) - क्या राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

क्या यह सही है कि विधान सभा क्षेत्र माण्डल के ग्राम पंचायत मंगरोप के ग्राम घोड़ो का खेड़ा में खसरा संख्या 4786/3847 चरागाह भूमि पर अवैध कब्जा है? यदि हां, तो सरकार उक्त भूमि को कब तक अतिक्रमण से

मुक्त करवाने का विचार रखती है? यदि नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## गोचर व ओरण भूमि का नियम विरूद्ध भू-परिवर्तन

426. (153/राजस्व) श्री विनोद कुमार (153)- क्या नगरीय विकास एवं आवासन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि उच्च न्यायालय, जोधपुर द्वारा रीट संख्या 1554/2004 में पारित निर्णयानुसार नदी, नाले, बहाव क्षेत्र, पार्क, सुविधा क्षेत्र, गोचर, ओरण, वाटर कैचमेंट आदि क्षेत्रों में भू-उपयोग परिवर्तन पर रोक है? यदि हां, तो रोक के पश्चात् विगत तीन वर्षों में किन-किन शहरों व गांवों में प्रतिबंधित भूमि का भू-उपयोग परिवर्तन किया गया? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार राज्यहित में उपरोक्त परिवर्तित भूमि से संबंधित आदेशों को निरस्त करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## नगरपालिका, लाडनूं में विकास कार्य

427. (7101/स्वायत्त शासन) श्री मुकेश भाकर (118) - क्या स्वायत्त शासन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) नगरपालिका, लाडनूं में माह जनवरी, 2024 से जनवरी, 2025 तक कितनी व किन-किन कार्यों की निविदाएं की गई? कार्यवार विवरण सदन की मेज़ पर रखें।

(2) उक्त निविदाओं में से अब तक कितने कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा कितने वर्तमान में चल रहे हैं? फर्म का नाम व निविदा दिनांक सहित विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) उक्त समयावधि में किस-किस फ़र्म को, किस-किस कार्य के लिए, कितना-कितना भुगतान किया गया है तथा वर्तमान में कितना भुगतान किया जाना शेष है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## लाडपुरा विधान सभा क्षेत्र में विद्युत कनेक्शन

428. (4781/ऊर्जा) श्रीमती कल्पना देवी (28) - क्या ऊर्जा राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र लाडपुरा में विगत चार वर्षों में कृषि एवं घरेलू बिजली कनेक्शन के कितने आवेदन प्राप्त हुये? ग्राम पंचायतवार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह सही है कि उक्त क्षेत्र में किसानों द्वारा मांग राशि जमा कराने एवं विद्युत लाईन ड़ालने के उपरान्त भी अभी तक कनेक्शन नहीं दिया गया है? यदि हां, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या सरकार उक्त वंचित किसानों को कनेक्शन देने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## उपखण्ड मुख्यालय जहाजपुर व कोटड़ी में बस स्टैण्ड का निर्माण

429. (1523/परिवहन) श्री गोपीचन्द मीणा (46) - क्या परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि विधान सभा क्षेत्र जहाजपुर के उपखण्ड मुख्यालय जहाजपुर व कोटड़ी पर निगम के बस स्टैण्डों के लिए भूमि एवं आधुनिक भवन का अभाव है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त दोनों उपखण्ड मुख्यालयों पर बस स्टैण्डों के लिए भूमि आवंटन व भवन निर्माण कराने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक?

(2) क्या सरकार कोटडी के पुराने बस स्टैण्ड के चौक में सी. सी. सड़क निर्माण व सुलभ शौचालय का निर्माण करवाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## अंता विधान सभा क्षेत्र में स्टेडियम का निर्माण

430. (7304/युवा मामले एवं खेल) श्री कंवरलाल (26) - क्या युवा मामले एवं खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) जिला बारां में कुल कितने खेल स्टेडियम हैं? उक्त स्टेडियम में कौन-कौनसे खेल हेतु प्रशिक्षक उपलब्ध हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र अंता के नगरपालिका अंता व मांगरोल में स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहन हेतु खेल स्टेडियम निर्माण करवाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## खण्डार विधान सभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन योजना

431. (3005/जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी) श्री जितेन्द्र कुमार गोठवाल (63) - क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र खण्डार के कौन-कौनसे गांवों को जल जीवन मिशन योजना में सम्मिलित किया गया है?

(2) उक्त विधान सभा क्षेत्र में उक्त योजना में किस-किस साईज की पाईप लाईन कितनी गहराई में डाली गई है एवं कौन-कौनसे गांवों को उक्त योजना से लाभान्वित किया गया? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## ताकली बांध सिंचाई परियोजना से सिंचाई

432. (1330/जल संसाधन) श्री संदीप शर्मा (172) - क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) ताकली बांध सिंचाई परियोजना कब स्वीकृत हुई तथा इसका निर्माण कार्य कब प्रारम्भ हुआ? उक्त की निर्माण अवधि क्या थी तथा कितनी लागत से उक्त निर्माण कार्य पूर्ण हुआ? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त परियोजना से कितनी नहरें निकाली गई हैं तथा उक्त से किस-किस गांव की, कितनी-कितनी भूमि सिंचित होगी? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या यह सही है कि बांध का निर्माण पूर्ण होने के बाद भी किसानों को सिंचाई का पानी नहीं मिल रहा है? यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं? अब कब तक पानी उपलब्ध करवा

दिया जायेगा? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## राजस संघ में कार्यरत कार्मिक

433. (1988/जनजाति क्षेत्रीय विकास) डॉ. दयाराम परमार (76)- क्या जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग में राजस संघ नाम की संस्था संचालित है? यदि हां, तो उक्त संस्था कब व क्यों बनाई गई तथा आदिवासी क्षेत्र के विकास में इस संस्थान की क्या भूमिका है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त संस्थान में कितने अधिकारी व कर्मचारी कार्यरत हैं तथा उनमें से जनजाति वर्ग के कितने हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## बांदीकुई तहसील में अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय की स्थापना

434. (2722/राजस्व) श्री भागचन्द टांकड़ा (106) - क्या राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र बांदीकुई की तहसील बांदीकुई में अतिरिक्त जिला कलक्टर व अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय खोलने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## नगरपालिका, सांचौर द्वारा जारी पट्टे

435. (5996/नगरीय विकास एवं आवासन) श्री जीवाराम चौधरी (64) - क्या स्वायत्त शासन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र सांचौर की नगरपालिका सांचौर में पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में जारी पट्टों का संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त नगरपालिका में विगत पांच वर्षों में पट्टे किस आधार पर जारी किए गए? क्या सरकार नियम विरूद्ध जारी पट्टों को निरस्त करने का विचार

रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## जिला नागौर व डीडवाना में सौभाग्य योजना में कनेक्शन

436. (3731/ऊर्जा) श्री अजय सिंह (2) - क्या ऊर्जा राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

क्या सरकार नागौर एवं डीडवाना जिले में ढाणियों में निवास करने वाले किसानों एवं मजदूरों को सौभाग्य योजना के तहत घरेलू विद्युत कनेक्शन जारी करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## कठूमर विधान सभा क्षेत्र के औषधालयों में रिक्त पद

437. (3829/आयुर्वेद) श्री रमेश खींची (125) - क्या आयुर्वेद मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र कठूमर में आयुर्वेदिक औषधालय कहां-कहां संचालित हैं? उक्त में किस-किस संवर्ग के, कितने-कितने पद स्वीकृत हैं तथा कितने पद रिक्त हैं?

(2) क्या सरकार रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) उक्त औषधालयों में कौन-कौनसी दवाइयां उपलब्ध हैं? विगत वित्त वर्ष में कितनी औषधियों की आपूर्ति की गई एवं कितनी वितरित की गई? औषधियों का संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

## सैनिक कल्याण बोर्ड द्वारा पंजीकृत संस्थाएं

438. (7138/सैनिक कल्याण) श्री कैलाशचन्द्र मीणा (37) - क्या सैनिक कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) बांसवाड़ा-डूंगरपुर जिले में सैनिक कल्याण बोर्ड द्वारा कितनी संस्थाएं पंजीकृत हैं तथा यह क्या क्या कार्य कर रही हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) सैनिक कल्याण बोर्ड द्वारा पंजीकृत संस्थाएं किस-किस क्षेत्र में, क्या-क्या कार्य करती है? सूची सहित विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) उदयपुर संभाग में वर्ष 2015 से वर्ष 2023 तक कितने सैनिक शहीद हुए तथा उनके परिवार को क्या-क्या सहायता दी गई? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## केकड़ी विधान सभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत निर्धारित लक्ष्य

439. (7846/जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी) श्री शत्रुघन गौतम (160) - क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र केकड़ी में जल जीवन मिशन के अंतर्गत शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु कुल कितना लक्ष्य निर्धारित किया गया था एवं दिसंबर, 2024 तक कितना लक्ष्य अर्जित कर लिया गया है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त योजनान्तर्गत उक्त विधान सभा क्षेत्र में कितने उच्च जलाशय व कुल कितने किलोमीटर पाइप लाइन डाले जाने का प्रावधान विगत पांच वर्षों में रखा गया था तथा कितना लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या यह सही है कि प्रदेश में जल जीवन मिशन के अंतर्गत घटिया पाइप लाइन डालने की शिकायतें सरकार को प्राप्त हुई हैं? यदि हां, तो सरकार द्वारा दोषियों के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## जैसलमेर विधान सभा क्षेत्र के निर्मित एनिकट

440. (3070/जल संसाधन) श्री छोटूसिंह (55) - क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि विधान सभा क्षेत्र जैसलमेर के ग्राम रूपसी, बरमसर, लौद्रवा,तेजूवा, छत्रेल, खींवसर में विभिन्न खडीनों में एनीकट निर्मित है जिनका केचमेंट एरिया/आगोर निर्धारित है? यदि हां, तो ग्रामवार, खड़ीन के नामवार विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह भी सही है कि उक्त गांवों में ऐसे भी कई खड़ीन हैं जिनमें केचमेंट एरिया/आगोर की दूरी 10 से

12 किलोमीटर अथवा उससे भी अधिक है? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा उक्त केचमेंट एरिया/आगोर में भी एनीकेट निर्मित किये गये हैं, जबकि उक्त केचमेंट एरिया/आगोर से मूल एनीकट में पर्याप्त पानी की आवक रहती है? यदि हां, तो बनाये गये एनीकट का ग्रामवार, खड़ीन के नामवार, खसरावार, लागत, भराव क्षमता अनुसार विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या यह सही है की उपरोक्त गांवों के अलावा भी ऐसे खड़ीनों के केचमेंट एरिया/आगोर में एनीकेट निर्मित हैं? यदि हां, तो ग्रामवार विवरण सदन की मेज पर रखें।

## खेत में जाने हेतु रास्ते का प्रावधान

441. (4155/राजस्व) श्री हमीर सिंह भायल (190) - क्या राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही हैं कि किसानों को खेत में जाने हेतु नियमानुसार रास्ता दिये जाने का प्रावधान है? यदि हां, तो नियमावली सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह सही हैं कि किसान द्वारा वाद दायर करने पर नियमानुसार कटाण रास्ता मात्र 12 फीट चौड़ाई में दिये जाने का प्रावधान हैं? यदि हां, तो क्या भविष्य में उक्त मार्ग का डामरीकरण किये जाने पर चौड़ाई बढाने का प्रावधान प्रस्तावित है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## हस्तीनापुर कॉलोनी, जयपुर में मकानों के पट्टे

442. (8266/स्वायत्त शासन) श्री अरूण चौधरी (11) - क्या नगरीय विकास राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जयपुर शहर का मास्टर प्लान बनाया जा रहा है? यदि हां, तो यह कब तक पूर्ण हो जाएगा?

(2) जयपुर शहर स्थित पृथ्वीराज नगर में हस्तिनापुर कॉलोनी कब से बसी हुई है तथा वर्तमान में इसमें कितने मकान बने हुए हैं?

(3) जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा उक्त कॉलोनी के निवासियों को पट्टे

कब तक जारी कर दिये जायेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

(4) क्या सरकार उक्त कॉलोनी को मास्टर प्लान में पुन: परिवर्तन कर आवासीय करने का विचार रखती है? यदि नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## हनुमानगढ़ जिले में आबादी क्षेत्र में हाई वोल्टेज लाईनों से दुर्घटना

443. (1548/ऊर्जा) श्री संजीव कुमार (171) - क्या ऊर्जा राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि जिला हनुमानगढ़ में हाई वोल्टेज विद्युत लाईनें आबादी क्षेत्र में से गुजरने के कारण दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है? यदि हां, तो विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त जिले में हाई वोल्टेज लाईनों से करंट लगने एवं दुर्घटना होने के कितने प्रकरण सामने आये? विगत पांच वर्षों का विधान सभा क्षेत्रवार विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या सरकार हनुमानगढ़ जिले में हाई वोल्टेज विद्युत लाइनों को घनी आबादी क्षेत्र से अन्यत्र शिफ्ट करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

## मेड़ता में बस स्टैण्ड का भवन निर्माण

444. (3099/परिवहन) श्री लक्ष्मण राम (141) - क्या परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

क्या यह सही है कि मेड़ता में बस स्टैण्ड हेतु भूमि का आवंटन हो जाने के उपरान्त भी भवन निर्माण नहीं होने के कारण पुराने बस स्टैण्ड से ही निजी व सरकारी बसों का संचालन किया जा रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार आवंटित भूमि पर भवन निर्माण करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

**विधान सभा भवन,**
**जयपुर।**
**दिनांक : 10 मार्च, 2025**

**भारत भूषण शर्मा,**
**प्रमुख सचिव।**